Britain's King Charles III and Queen Camilla were on Wednesday presented with the crown jewels of Scotland in a historic ceremony in Edinburgh that celebrates the Coronation of a new monarch and followed a similar multi-faith format to the Coronation at Westminster Abbey here in May.

The National Service of Thanksgiving and Dedication at St. Giles Cathedral in Edinburgh is symbolic of the monarch's connection with the devolved region.

The Christian ceremony was joined by a Hindu priest, a Muslim Imam, a Jewish Rabbi and a Buddhist monk for the segment entitled "blessings and greetings from representatives of faith and belief communities".

"May Goddess Sri Lakshmi and God Sri Venkateswara bless Your


Britain's King Charles III, left, and Queen Camilla, center, accompanied by the moderator of the High Constables, Roderick Urquhart, right, unveil a plaque at the new Jubilee Gates, installed at the entrance to Abbey Yard to mark the Platinum Jubilee of Queen Elizabeth II, at the Palace of Holyroodhouse, in Edinburgh, Scotland on Tuesday. *Agencies*

Majesties and the royal family with purity and unity of thoughts, words and deeds to serve and uplift the people of the United Kingdom and the Commonwealth," said Dr Srihari Vallabhajousula, Honorary Priest of the Hindu Temple of Scotland in Glasgow, in his reading.

# ट्रेनों से बड़ी संख्या में हरिद्वार जा रहे कांवड़िये

## शताब्दी, मसूरी एक्सप्रेस, योग नगरी ऋषिकेश, उत्कल एक्सप्रेस से रवाना हुए शिवभक्त

● सावन शुरू होने के साथ ही देहरादून और ऋषिकेश की तरफ जाने वाली शाम की ट्रेनों में चल रही अधिक भीड़

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सावन का महीना शुरू होते ही कांविड़यों की हरिद्वार की ओर रवानगी शुरू हो गई है। ट्रेनों से बड़ी संख्या में कांवड़ियां हरिद्वार की ओर जा रहे हैं जिसकी वजह से हरिद्वार, ऋषिकेश जाने वाले ट्रेनों में भीड़ बढ गई है। सबसे अधिक भीड़ शाम को हरिद्वार जाने वाली ट्रेनों में दिखाई दे रही हैं। वहां से यह शिवभक्त पैदल ही कांवड़ लेकर अपने गतंव्य की ओर रवाना होंगे।

कांवड़ियों की भीड़ अभी सड़कों पर दिखाई नहीं दे रही है, लेकिन ट्रेनों और बसों में हरिद्वार की ओर जाने वाले शिवभक्तों की भीड़ स्टेशनों पर दिखाई देने लगी है। देहरदून शताब्दी, मसूरी एक्सप्रेस, योग नगरी ऋषिकेश, उत्कल एक्सप्रेस में बडी संख्या में कांवडियां कावंड़ लेने के लिए रवाना हो रहे हैं।



हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर पैदल आने वाले शिवभक्तों का सिलसिला शुरू हो गया है। (फाइल फोटो)

15 जुलाई की रात साढे आठ बजे से चर्तुदर्शी का जलाभिषेक आरंभ होगा ऐसे में दस जुलाई से दिल्ली मेरठ मार्ग पर कांवडियों का आगमन शुरू हो जाएगा। इस मार्ग से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और गाजियाबाद के कांवडिया बड़ी संख्या में निकलते हैं। इसकी वजह से आने वाले दस दिन यह मार्ग सिर्फ भगवा रंग में दिखाई देगा।

लेकिन ट्रेनों में अभी से भगवा रंग ओढ़े भोले के भक्त अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं। इसको लेकर स्टेशनों पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। ट्रेनों की छतों पर कोई यात्री सवार न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

**10 जुलाई से शुरू होगा नगर निगम का कांवड़ सेवा शिविर :** नगर निगम इस बार भी कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन करेगा। इसके लिए नगर निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। यह शिविर दस जुलाई से पन्द्रह जुलाई तक चलेगा। इसका उदघाटन महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त नितिन गौड़ करेंगे। कांवड़ सेवा शिविर मेरठ रोड तिराहे के पास साईं उपवन में बनाया जाएगा। इसके लिए अभी से ही नगर निगम प्रशासन की ओर से तैयारी तेज कर दी गई है। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि कांवड़ सेवा शिविर के लिए सफ ाई, रंगाई, पुताई और लाइट आदि का कार्य शुरू कर दिया गया है। एक दो दिन मे यह कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद नगर निगम प्रशासन यहां टेंट आदि लगाने का कार्य शुरू कर देगा। इस बार कांवड सेवा शिविर में कई हजार श्रद्धालुओं के ठहरने, खाने पीने और स्नान की निगम व्यवस्था करेगा। इसके लिए नगर निगम के पांच कर्मचारियों की एक कमेटी बनाई गई है।

### तैयारी की समीक्षा के लिए डीएम ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने भी कमर कस ली है। कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम आरके सिंह ने अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक कर समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने सभी विभागों को कड़े निर्देश दिए हैं कि तैयारियों को लेकर कोई लापरवाही न बरती जाए। सभी विभागीय अधिकारी यात्रा के दौरान लगातार भ्रमण पर रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। विद्युत विभाग को चेतावनी दी है कि बारिश का मौसम होने के कारण खंभों पर समय से प्लास्टिक कवर लगा दिए जाएं व जर्जर और ढीले तार नजर न आएं। मार्ग में गड्ढे आदि भरें जाएं तो मार्ग पर खाने–पीने के सामान की बिक्री में मानकों का ख्याल रखा जाए।

डीएम ने कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी कांवड यात्रा में लगाई गई है वह वहां मुस्तैदी से तैनात रहेंगे। बैठक में डीसीपी निपुण अग्रवाल, एडीएम प्रशासन बिपिन कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्वत, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट शुभांगी शुक्ला, दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी, एडीएम भू अर्जन श्याम अवध चौहान, एसडीएम सदर विनय सिंह, एसीएम चंद्रेश कुमार, एसडीएम शाल्वी अग्रवाल मौजूद थे।

## गाजियाबाद का श्रवण माता-पिता को ले जा रहा कंधे पर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● लोनी के असालतपुर गुर्जर के युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

हरिद्वार में 3 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। इस बार करीब 5 करोड़ कांवड़ियों के हरिद्वार पहुंचने की उम्मीद है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों के कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने शहर के मंदिरों के लिए वापस लौटना शुरू हो गए हैं। इस बीच, कांवड़ यात्रा में कई रोचक नजारे भी देखने को मिल रहे हैं।

गाजियाबाद का एक युवक कांवड़ में अपने माता.पिता को लेकर चल रहा है। वहीं, मेरठ का जतिन कंधे पर 161 लीटर गंगा जल लेकर आ रहा है। गोरखपुर का राजकुमार भी 790 की रथ कावड़ लेकर हरिद्धार से निकल चुके हैं। चलिए आपको कांवड़ यात्रा में अलग.अलग नजारे दिखाते हैं, गाजियाबाद का कांवड़िया अपनी कांवड़ में मां–बाप को लेकर हरिद्वार से पैदल आ रहा है। ये भक्त गाजियाबाद में लोनी क्षेत्र के गांव असालतपुर गुर्जर का रहने वाला है। कांवड़ के एक पलड़े में मां और दूसरे पलड़े में बूढ़े पिता बैठे हैं। इस कांवड़ को देखकर हर कोई अचंभित रह जाता है। गाजियाबाद से हरिद्वार की दूरी लगभग 180 किलोमीटर की है। नेता सुनील खारी ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा है.श्रवण कुमार की तरह मां.बाप को कंधे पर उठाकर ले जाते हुए गांव असालतपुर गुर्जर जिला गाजियाबाद के रहने वाले सनातनी भाई को मेरा सैल्यूट। गाजियाबाद में करीमपुर के विकास गहलोत भी पिछले साल कांवड़ में मां.बाप को बैठाकर इसी तरह हरिद्वार से लाए थे।

राजकुमार हरिद्वार से 51 लीटर जल बुग्गी जैसे रथ में रखकर गोरखपुर लौट रहे हैं। इस रथ को वे खुद अपने कंधों पर रखकर खींच रहे हैं। हरिद्वार से गोरखपुर की दूरी करीब 790 किलोमीटर है। वे मुरादाबाद जिला पार कर चुके हैं। शिवरात्रि पर वे गोरखपुर मठ में पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे।

## दिल्ली-मेरठ रोड पर भक्तों की सेवा को लगने लगे शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली–मेरठ मार्ग कांवडियों के लिए मुख्य मार्ग है। जहां लाखों की संख्या में कांवडियां कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर निकलते हैं।

बड़ी संख्या में कांवडियों ने हरिद्वार की ओर जाना शुरू कर दिया है तो वहीं इक्का.दुक्का कांवडियां जल लेकर अपने गंतव्य की ओर निकलना भी शुरू हो गए हैं। शिवरात्रि में महज दस दिन का समय बाकी है और आने वाले दिनों में मेरठ मार्ग पर शिवभक्तों की संख्या बढनी शुरू हो जाएगी। ऐसे में कांवडियों के लिए मेरठ मार्ग पर शिविर लगाने का काम शुरू हो गया है। मेरठ मार्ग पर शिवभक्तों के खाने.पीने से लेकर आराम करने, नहाने आदि के लिए शिविर बड़ी संख्या में लगाए जाते हैं। एक दो दिन में इन शिविरों को शुरू कर दिया जाएगा जो 24 घंटे संचालित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोर ने सॉरी मम्मी–पापा लिखकर जान दी

**नोएडा।** सॉरी मम्मी.पापा, मैंने पहले भी जान देने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं कर सका। ये लिखकर एक 16 साल के छात्र अमित्रो भौमिक ने 8वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। अमित्रो 11वीं कक्षा छात्र था। वो परिवार के साथ सेक्टर.100 के लोट्स बुलवर्ड सोसायटी में रहता था। ये घटना सोमवार की है। गंभीर हालत में परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच जारी है। रजनीश वर्मा ने बताया कि सोसाइटी के टावर नंबर सात के फ्लैट नंबर.801 में 16 वर्षीय अमित्रो भौमिक रहता था। वह 11वीं कक्षा में पढ़ता था। उसने सोमवार शाम करीब छह बजे अपने फ्लैट की आठवीं मंजिल से छलांग लगा दी। उसे सेक्टर.27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता उजल भौमिक एक निजी सेक्टर में काम करते है। अमित्रो की एक छोटी बहन तब्बू भी है। तब्बू के मुताबिक, उसको बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि भाई ऐसा कर सकता है। जिस समय उसने सुसाइड किया सब लोग घर में थे। परिवार ने ही पुलिस को जानकारी दी।

### ग्रेनो में वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा टू थाना पुलिस ने लग्जरी वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों चोरों के कब्जे से पुलिस ने दो चोरी की कार, चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण, आठ नंबर प्लेट और चोरी के वाहनों को बेचने के बाद मिले 35000 रुपए भी बरामद किए हैं। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने लग्जरी कार चोर गिरोह के सदस्य सोनू कश्यप और खलील अहमद को बीट पुलिसिंग के माध्यम से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर रियान गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया। सोनू करनाल हरियाणा का रहने वाला है। वहीं खलील मुरादाबाद का रहने वाला है। यह लोग फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उन्हीं गाड़ियों को चोरी में इस्तेमाल किया करते थे।

### शोरूम संचालक ने महिला व परिवार संग की मारपीट

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर सिखैड़ा मार्ग स्थित शोरूम पर स्कूटी पर डिस्कांउट को लेकर संचालक द्वारा एक परिवार के साथ मारपीट व गाली गलौज की गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोदीपोन कॉलोनी निवासी महिला रितु गोयल अपने परिवार के साथ दिल्ली मेरठ मार्ग पर सिखैड़ा मार्ग स्थित एक शोरूम पर नई स्कूटी खरीदने के लिए गई थी। बताया जा रहा है कि वहां पर उनका स्कूटी पर डिस्कांउट को लेकर शोरूम पर तैनात विनोद कुमार से विवाद हो गया। महिला का आरोप है कि शोरुम संचालक व उनके कर्मचारियों ने मारपीट और गाली गलौज की। महिला ने इस संबंध में तहरीर दी है।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने आम लोगों से एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 22 एटीएम कार्ड और एक लाख 5 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की है। यह आम लोगों के साथ ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया करता था। दादरी थाना पुलिस को सूचना मिली कि आम लोगों के साथ एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने वाला एक आरोपी पीएनबी एटीएम में धोखाधड़ी करने के इरादे से पहुंचा है। पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी को पीएनबी एटीएम के पास से ही धर दबोचा। इस दौरान पुलिस ने गाजियाबाद निवासी आमिर सैफी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले आई।

INDAG

इन्डैग रबर लिमिटेड
(सीआईएनः एल74899डीएल1978पीएलसी009038)
पंजी. कार्यालयः 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली–110017
फोन : 011–26963172/73, ई–मेल आईडीः info@indagrubber.com, वबेसाइटः www.indagrubber.com

इंडैग रबर लिमिटेड की चवालीसवॉ वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में सूचना

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि इंडैग रबर लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की चवालीसवॉ वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 03 अगस्त, 2023 को दोपहर के 3.00 बजे, एजीएम नोटिस में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित करने हेतु, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो कि कम्पनी अधिनियम, 2013 और तदधीन विरचित नियमों के प्रावधानों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, दिनांक 08 अप्रैल 2020, 17/2020, दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020, दिनांक 05 मई 2020, 02/2021, दिनांक 13 जनवरी 2021, 2/2022, दिनांक 05 मई 2022, तथा 10/2022, दिनांक 28 दिसंबर 2022, ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 5 जनवरी 2023 क्रमानुसार ("सेबी सर्कुलर्स") (सामूहिक रूप से "संबद्ध सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के अनुपालन में है।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2022–2023 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के सभी सदस्यों को इलेक्टॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएगी, जिनके नाम 30 जून, 2023 को सदस्यों के रजिस्टर में दिखाई देता है और जिनके ईमेल पते कंपनी/रजिस्टांर और शेयर टांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) के साथ पंजीकृत हैं। उपर्युक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.indagrubber.com पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आगामी एजीएम में भाग ले सकते हैं और ऐसे सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से की जाएगी। सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित किसी भी संकल्प पर अपना वोट डालने के लिए दूरस्थ ई–वोटिंग सुविधा प्रदान की जाती है। सदस्यों के पास एजीएम से पहले या एजीएम के दौरान दूरस्थ ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करके अपना वोट डालने का विकल्प है। दूरस्थ ई–मतदान के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है।

सदस्यों द्वारा ई–मेल पता पंजीकरण/अद्यतनीकरण की विधि :

- यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति), आधार कार्ड (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति) तथा ईसीएस आदेशपत्र ई–मेल द्वारा admin@skylinerta.com अथवा info@indagrubber.com को उपलब्ध करवाएं।
- यदि शेयर अभौतिक (डीमैट) रूप में धारित हैं, कृपया डीपीआईडी–सीएलआईडी (16 अंकीय डीपीआईडी + सीएलआईडी अथवा 16 अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति), आधार कार्ड (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति) तथा ईसीएस आदेशपत्र अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट को उपलब्ध करवाएं।

ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विधि :

- अभौतिक, भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों द्वारा तथा जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, उनके लिए रिमोटली वोटिंग ("रिमोट ई–वोटिंग") की विधि एजीएम नोटिस में दी जाएगी। विस्तृत विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.indagrubber.com पर भी उपलब्ध होगा।
- इलेक्टॉनिक वोटिंग सिस्टम से वोट डालने की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजीएम में उपस्थित सदस्य, जिनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला गया है, वे एजीएम में वोट डाल सकेंगे।
- ई–वोटिंग से वोट डालने के लिए लॉगइन प्रत्ययपत्र सदस्यों को ई–मेल द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। सदस्यगण, जिनको ई–मेल प्राप्त नहीं होती है अथवा जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के पास पंजीकृत नहीं है, वे एजीएम नोटिस में दिए अनुदेशों का पालन कर लॉगइन प्रत्ययपत्र बना सकते हैं।
- इन लॉगइन प्रत्ययपत्रों का प्रयोग वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु किया जा सकता है।

निदेशक मंडल ने 05 मई, 2023 को आयोजित उनकी बैठक में रू. 2/– प्रत्येक के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर पर रू. 1.50/– प्रति इक्विटी शेयर का अंतिम लाभांश संस्तुत किया है। एजीएम तथा वित्तीय वर्ष 2022–2023 के अंतिम लाभांश के उद्देश्य हेतु बही बंदी तिथि शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023 से बृहस्पतिवार, 03 अगस्त, 2023 (दोनों तिथियां शामिल हैं) तक होगी। अंतिम लाभांश शेयरधारकों द्वारा आगामी बैठक में अनुमोदित किए जाने पर एजीएम की तिथि से 30 दिन के भीतर 02 सिम्बर, 2023 को अथवा पूर्व, विभिन्न ऑनलाइन टांसफर विधियों के माध्यम से इलेक्टॉनिक विधि द्वारा उन शेयरधारकों को अदा किया जाएगा, जो अपना बैंक विवरण कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के पास अद्यतित करवा चुके हैं। जिन शेयरधारकों ने अपना बैंक विवरण अद्यतित नहीं करवाया है, उनको लाभांश वारंट/डिमांड डांफ्ट उनके पंजीकृत पते पर भेजे जाएंगे। लाभांश राशि के सीधे क्रेडिट के लिए, शेयरधारकों से अपना बैंक विवरण डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) (जहां शेयर अभौतिक रूप में धारित हैं) तथा कम्पनी के रजिस्टांर एवं शेयर टांसफर एजेन्ट (जहां शेयर भौतिक रूप में धारित हैं) के पास अद्यतन करवाने का अनुरोध किया जाता है।

वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा लागू किए गए परिवर्तनों के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा 01 अप्रैल, 2020 के बाद भुगतान अथवा वितरित किए गए लाभांश सदस्यों के हाथों में करयोग्य होंगे तथा कम्पनी को सदस्यों को भुगतान किए गए लाभांश से स्रोत पर कर (टीडीएस) की कटौती निर्धारित दरों पर करनी होगी। टीडीएस दर सदस्य की आवासीय स्थिति के अनुसार तथा उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए और कम्पनी द्वारा प्राप्त किए गए दस्तावेजों के अनुसार परिवर्तनशील होगी। कम्पनी 20 जुलाई, 2021 को उन शेयरधारकों को व्यक्तिगत सूचना भी प्रेषित कर चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी कम्पनी/आरटीए के पास पंजीबद्ध थी। कृपया अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट लिंक https://indagrubber.com/uploads/document/Email_to_Shareholders_reg__TDS_on_Final_Div__2020-21.pdf देखें। शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपना पैन आरटीए (यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं) के पास तथा डिपॉजिटरीज के पास (यदि शेयर अभौतिक रूप में धारित हैं) अद्यतन करवाएं।

यह सूचना एमसीए तथा सेबी द्वारा जारी संबद्ध सर्कुलर्स के अनुपालन में कम्पनी के सभी शेयरधारकों की जानकारी और हित के लिए जारी की जा रही है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता./–
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 05 जूलाई, 2023
स्थान : नई दिल्ली

## लव जेहाद मामले में किशोरी ने तेजाब पीकर की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विजयनगर थाना क्षेत्र में हुए लव जेहाद के प्रकरण में एक नाबालिग लडकी ने तेजाब पीकर मौत को गले लगा लिया। सिद्धार्थ विहार निवासी सोरन सिंह ने पुलिस को बताया कि शोएब नामक युवक उसकी पुत्री की इज्जत से खिलवाड़ करने के साथ धर्मांतरण का भी दवाब बना रहा था।

पिता ने कहा कि शोएब के डर से उनकी नाबालिग पुत्री ने बीती रात विषैला पदार्थ पीकर जान दे दी। विजयनगर थाना पुलिस ने नाबालिग लडकी के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस संदर्भ में एसीपी कोतवाली सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने उक्त वारदात की सूचना मिलते ही न केवल तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर ली थी बल्कि नामजद अभियुक्त शोएब को भी गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण की जांच हर ऐंगल पर की जा रही है।

## गाजियाबाद-नोएडा में पांच बदमाशों के पैर में लगी गोली

**पीएनएस।** गाजियाबाद/नोएडा

गाजियाबाद में 30 जून को ज्वेलरी शॉप लूटने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में पकड़े गए। तीनों को पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उनसे लूटी गई ज्वेलरी बरामद की है। वहीं नोएडा में फेस 2 में पुलिस मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों के पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से थाना बादलपुर थाना क्षेत्र से लूटे गए 71 हजार 500 रुपए नगद व पीड़ित का आधार कार्ड व एक बाइक , 1 पिस्टल, 2 तमंचा बरामद हुए।



नोएडा में मुठभेड़ में घायल दो बदमाशों को ले जाती पुलिस।

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवक पुलिस को देखकर फ ायरिंग कर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें दो बदमाश पकड़े और तीसरा भाग गया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिय गया। घायल बदमाशों की पहचान गौरव और कुनाल के रूप में हुई। उनसे एक बैग बरामद हुआ, जिसमें चांदी के जेवरात रखे थे। बदमाशों से दो पिस्टल मिलीं। पूछताछ में उन्होंने 30 जून को कॉलोनी में सुहाग ज्वेलर्स शॉप से लूटपाट की बात कुबूली। इनकी निशानदेही पर तीसरे बदमाश को भी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

वहीं नोएडा के फेस 2 पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनमें मनीष गुर्जर गाजियाबाद और विमल जाटव मेरठ का रहने वाला है। ।

## नोएडा प्राधिकरण के नाम से खाता खोल 3.90 करोड़ ठगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● 3 खातों में भेजी रकम, 200 करोड़ की एफडी से 13 करोड़ रुपये कराए थे ट्रांसफर

नोएडा प्राधिकरण से 3.90 करोड़ रुपए का फ्रॉड हो गया। आरोपी ने पहले तो नोएडा प्राधिकरण के नाम से फ र्जी खाता खेला। इसके बाद बैंक अधिकारियों से उसमें प्राधिकरण की 200 करोड़ की एफ डी से 13 करोड़ रुपए ट्रांसफर कराए। फिर उस खाते से करीब 4 करोड़ की रकम दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी।

ठगी का पता चलने पर प्राधिकरण ने खाता फ्रीज कर दिया है। साथ ही एफ आईआर भी दर्ज कराई है। कोतवाली सेक्टर.58 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, पूरा मामला एक एफ डी से जुड़ा हुआ है। नोएडा प्राधिकरण ने 15 जून को 200 करोड़ की एफ डी कराने के लिए टेंडर निकाला। टेंडर की शर्त थी कि जो बैंक ज्यादा ब्याज देगा, उसी में एफडी कराया जाएगा। इसके लिए नोएडा की कई ब्रांचों ने आवेदन किया। सबसे ज्यादा ब्याज सेक्टर–62 की बैंक ऑफइंडिया ने ऑफर किया था।

जिसके बाद प्राधिकरण 200 करोड़ बैंक में जमा कर दिए। नियमतः जिस बैंक में एफडी होती है, वहां एक खाता होना जरूरी है। ऐसे में प्राधिकरण ने एक साइनिंग अथॉरिटी बनाई। इसके लिए एक अधिकारी को नामित किया। इस साइनिंग अथॉरिटी को बैंक जाकर प्राधिकरण का खाता खोलना था। लेकिन, सोमवार को साइनिंग अथॉरिटी से पहले ही जालसाज ने फर्जी दस्तावेजों से प्राधिकरण के नाम से खाता खोला, जिसमें प्राधिकरण के जमा कराए 200 करोड़ में 13 करोड़ जमा करने के लिए कहा। जिसके बाद बैंक ने 13 करोड़ रुपए फ र्जी खाते में जमा कर दिए। जालसाज ने उन 13 करोड़ में से 3.90 करोड़ तीन खातों में ट्रांसफर कर फरार हो गए।

## चार हादसों में दो की मौत, कई घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में चार अलग–अलग हादसों में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये।

इन घटनाओं की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची संबंधित थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये व घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती करवाया है। जीआरपी थाना क्षेत्र में मुरादनगर के पास स्थित रेलवे फ ाटक के पास सतीश निवासी मोदीनगर की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

इसके अलावा कौशांबी थाना क्षेत्र में दीवार गिरने से जहां वृद्धा की मौत हो गई वहीं उनका पोता घायल हो गया। उसे इलाज के लिए दिल्ली के अस्पताल में ले जाया गया है। इसके अलावा एनएच.9 पर तेज गति से भाग रहा ऑटो पलट गया। इस हादसे में पांच सवारी चोटिल हो गई। वहीं हापुड़ रोड पर स्कूटी अनियंत्रित होकर सडक पर गिर गई। इस हादसे में दो युवक घायल हो गये।

## फर्राटेदार अंग्रेजी बोलती है नोएडा पहुंची 5वीं पास पाकिस्तानी महिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● पबजी खेलने के दौरान सचिन के संपर्क में आई थी महिला, जासूसी एंगल भी खंगालेगी पुलिस

पाकिस्तान से नोएडा पहुंची 27 साल की महिला सीमा हैदर गुलाम 5वीं तक पढ़ी है। लेकिन, फ र्राटेदार अंग्रेजी बोलती है। कंप्यूटर चलाने में एक्सपर्ट है। महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि पबजी खेलने के दौरान नोएडा के सचिन के संपर्क में आई। फिर दोनों के बीच प्यार हुआ। इसके बाद वह अपने पहले पति को छोड़कर 4 बच्चों के साथ नोएडा आ गई।

पुलिस सीमा की इस कहानी को पूरा सच नहीं मान रही है। उसका मोबाइल जब्त कर लिया है। फ ोरेंसिक जांच के लिए उसे लैब भेजा गया है। साद मियां खान ने बताया कि पाकिस्तानी महिला ने खुद वीजा बनवाया। दुबई से नेपाल होते हुए भारत में एंट्री की। फिलहाल, पुलिस इस केस में पाकिस्तानी जासूसी एंगल भी खंगाल रही है।



पुलिस गिरफ्त में पाकिस्तान से नोएडा पहुंची सीमा हैदर व उसका प्रेमी सचिन।

पुलिस ने हरियाणा के बल्लभगढ़ से सोमवार देर शाम सीमा हैदर को गिरफ्तार किया। साथ में उसके 4 बच्चे भी थे। पुलिस ने हिरासत के दौरान सीमा और सचिन से 48 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद सीमा, उसके प्रेमी सचिन और सचिन के पिता को नोएडा की जिला अदालत में पेश किया। वहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सचिन और सीमा की पहली मुलाकात नेपाल के काठमांडू में हुई। यहां पर दोनों एक होटल में 7 दिन रहे। फि र सीमा वापस पाकिस्तान चली गई। इसके बाद सीमा ने ट्रैवल एजेंट की मदद से टूरिस्ट वीजा लेकर अपने 4 बच्चों के साथ नेपाल पहुंची और वहां से बस से दिल्ली और फिर सचिन के पास नोएडा पहुंची। जांच में यह भी पता चला कि सीमा और सचिन दोनों ने मिलकर भारत पहुंचने का रास्ता खोजा। इसके लिए उन्होंने यूट्यूब पर काफी वीडियो देखे। उसने रास्ते में दो बार बस में बैठे लोगों से हॉटस्पॉट लेकर सचिन से फ ोन पर बात की। सीमा की शादी फ रवरी 2014 में सिंध के ही गुलाम हैदर के साथ हुई। दोनों के चार बच्चे हुए। पति कराची में टाइल्स लगाने का काम करता था। साल 2019 में वह सऊदी अरब में काम करने लगा। इस बीच दोनों का तलाक हो गया।

इसी दौरान सीमा की मुलाकात पबजी गेम खेलते समय ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रहने वाले सचिन से हो गई। सचिन नोएडा में पल्लेदारी का काम करता है। मंगलवार को पुलिस हिरासत में ही सीमा ने मीडिया से बात की। इस दौरान उसने कहा. जब मैंने सचिन के साथ रहने का फैसला लिया, तो बच्चों का वीजा.पासपोर्ट बनवाने के पैसे नहीं थे, लेकिन इंडिया आना था। इसलिए कराची में ही अपना एक प्लॉट 12 लाख रुपए में बेच दिया। इन पैसों से अपना और चारों बच्चों का वीजा.पासपोर्ट बनवाया। इसके बाद एक ट्रैवल एजेंसी से संपर्क किया। ट्रैवल एजेंट ने नेपाल के 5 टिकट अरेंज कराए। इसके जरिए मैं बच्चों को लेकर नेपाल पहुंची। नेपाल में 10 मई को पहुंचने के बाद मैंने वहां से दिल्ली के लिए बस पकड़ी। रास्ते में बस में सवार लोगों से हॉटस्पॉट के जरिए इंटरनेट कनेक्ट करके वॉट्सऐप कॉल के जरिए सचिन से बात करती रही।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।